प्रेस नोट थाना रामगढ़ दिनांक 04-06-2025 जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर लुटेरे अभियुक्तों 1. ताजुउद्दीन उर्फ राजा 2. नदीम को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान 02 शातिर लुटेरे 1. ताजुउद्दीन उर्फ राजा 2. नदीम पैर में गोली लगने से हुए घायल......**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से 01 पीली धातु की चैन, 01 एन्ड्रॉयड मोबाइल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा, 05 खोखा कारतूस, लूट के 35,800 रुपये , लूटा गया पर्स , घटना में प्रयुक्त 01 अपाचे मोटरसाईकिल बरामद।**
- **घायल अभियुक्तगण को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया.....**

दिनांक 28-05-2025 को वादी द्वारा थाना रामगढ़ पर तहरीर दी गयी कि वादी अपनी पत्नी के साथ बाइक से दारापुर जा रहा था । रास्ते में जैसे ही वादी फिरोजाबाद चनौरा बाईपास पुहँचा तो पीछे से एक अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्तियों द्वारा वादी की पत्नी के हाथ से पर्स छीनकर मौके से भाग गये । वादी की तहरीर के आधार थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 312/2025 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्तगण 1.ताजुद्दीन उर्फ राजा, 2.नदीम, व 3.अकील का नाम प्रकाश में आया। उपरोक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में आज दिनांक 04-06-2025 को थाना रामगढ़ पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि लूट की घटना करने वाले अभियुक्तगण नैपई फिरोजाबाद रोड़ के पास लूट के माल सहित छिपे हुए है तथा उस सामान को ठिकाने लगाने की फिराक में कहीं जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा नैपई फिरोजाबाद रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटरसाइकिल पर सवार सदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे। हड़बड़ाहट में भागते समय उक्त संदिग्ध व्यक्तियों की बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ व खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गई, जिसमें 02 संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लगी और उन्हे मौके पर ही घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया । 01 अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया । घायल अभियुक्तों की पहचान 1. ताजुउद्दीन उर्फ राजा पुत्र शहीद खाँ निवासी जौंधरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद, 2.नदीम पुत्र शिराज निवासी हसमतनगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में की गयी है। जो कि थाना रामगढ़ पर पंजीकृत

मु0अ0सं0 312/2025 में वांछित अभियुक्तगण है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 पीली धातु की चैन, 01 एन्ड्रॉयड मोबाइल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, लूट के 35,800 रुपये, लूटा गया पर्स, घटना में प्रयुक्त 01 अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा घायल अभियुक्त-

1. ताजुउद्दीन उर्फ राजा पुत्र शहीद खाँ निवासी जौंधरी थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
2. नदीम पुत्र शिराज निवासी हसमतनगर थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।

नाम-पता फरार अभियुक्त-

1. अकील पुत्र रशीद खान उर्फ बन्डे खाँ निवासी जौंधरी थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 पीली धातु की चैन।
2. 01 एन्ड्रॉयड मोबाइल।
3. 02 अवैध तमंचा 315 बोर।
4. 05 खोखा कारतूस 315 बोर।
5. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।
6. लूट के 35,800 रुपये।
7. लूटा गया पर्स।
8. घटना में प्रयुक्त 01 अपाचे मोटरसाइकिल।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण ताजुद्दीन उर्फ राजा व नदीम-

1. मु0अ0सं0 312/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 320/2025 धारा 109(1),112 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
2. प्रभारी सर्विलांस उ0नि0 अमित कुमार मय टीम जिला फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी नगला मिर्जा बडा थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 राजकुमार हल्का प्रभारी प्रथम थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी यूपीएसआईडीसी थाना रामगढ़ फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 प्रवीन कुमार हल्का प्रभारी चतुर्थ थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 दिवेस कुमार थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
8. उ0नि0 शुभम पंवार थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
9. उ0नि0 अजय कुमार थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
10. हे0का0 343 योगेश कुमार थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
11. हे0का0 670 मोहन श्याम थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
12. का0 720 चन्द्रशेखर थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
13. का0 1565 भूरी सिंह थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
14. का0 489 भोले राम थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
15. का0 1502 रोबिन सिंह थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।
16. का0 474 बलवीर सिंह थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।